मोहाली में युवक की चाकू मारकर हत्या भाई का झगड़ा सुलझाने गया था मुकेश

पुरानी रंजिश की आशंका, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी

सारंश मेहरा | मोहाली
समर न्यूज

नए साल के पहले दिन वीरवार को जुझार नगर निवासी एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक युवक अपने भाई के झगड़े को सुलझाने के लिए मौके पर पहुंचा था, लेकिन विवाद के दौरान उस पर जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, वहीं मृतक के परिवार में मातम छा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जुझार नगर निवासी मुकेश के भाई मोहित का कुछ समय पहले कुछ युवकों के साथ विवाद चल रहा था। वीरवार को मोहित अपने जीजा बलवीर से मिलने गया था। उसी दौरान वहां पहले से मौजूद कुछ युवकों के साथ किसी बात को लेकर मोहित की कहासुनी हो गई। देखते ही देखते यह कहासुनी तनावपूर्ण झगड़े में बदल गई।

झगड़े की सूचना मिलने पर मुकेश मौके पर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुकेश ने दोनों पक्षों को शांत कराने और विवाद सुलझाने का प्रयास किया। बातचीत के दौरान कुछ देर के लिए माहौल शांत भी हुआ, लेकिन अचानक बहस फिर तेज हो गई। इसी दौरान गुस्से में आए एक आरोपी ने मुकेश के पेट में चाकू घोंप दिया। हमला इतना गंभीर था कि मुकेश वहीं गिर पड़ा और खून से लथपथ हो गया। आसपास

मौजूद लोगों की मदद से घायल मुकेश को तुरंत फेज-6 स्थित सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलने पर थाना बलौंगी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना बलौंगी के एसएचओ इंस्पेक्टर पेरिविंकल ने बताया कि मुकेश नामक युवक की हत्या हुई है। प्रारंभिक जांच में मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आरोपियों की पहचान की जा रही है और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

आरोपियों की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों को 3 दिन का अल्टीमेटम

समर न्यूज | मोहाली

नगर निगम प्रॉपर्टी टैक्स न भरने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। निगम ने टैक्स डिफॉल्टरों को तीन दिन के भीतर बकाया टैक्स जमा करने का अल्टीमेटम दिया है।

तय समय में भुगतान नहीं होने पर संबंधित संपत्तियां अटैच और सील की जाएंगी, जबकि बाद में नीलामी की कार्रवाई भी हो सकती है। निगम के अनुसार करीब 7,100 प्रॉपर्टी मालिक टैक्स डिफॉल्टर हैं, जिनमें 300 औद्योगिक इकाइयां, 800 कमर्शियल प्रतिष्ठान और छह गांवों के करीब 6,000 लोग शामिल हैं। कई मामलों में 10–12 साल से टैक्स बकाया है।

बकाया टैक्स पर 20 प्रतिशत जुर्माना और 18 प्रतिशत ब्याज वसूला जाएगा। टैक्स निगम कार्यालय या एम-सेवा ऐप से जमा किया जा सकता है।

डड्डूमाजरा में देर रात गुंडागर्दी, सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई घटना

4-5 युवकों ने मकान पर किया पथराव

समर न्यूज | चंडीगढ़

डड्डूमाजरा इलाके में देर रात एक बार फिर गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। रात करीब 11 बजे 4–5 युवकों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए ईंटों और पत्थरों से हमला कर दिया। हमलावरों के हथियारों से लैस होने की भी सूचना है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावरों ने घर पर जमकर पत्थर बरसाए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला

पुरानी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई है, जिसमें कुछ युवक हमला करने के बाद भागते हुए नजर आ रहे हैं।

यह भी सामने आया है कि जवाब में दूसरी ओर से भी पत्थरबाजी हुई। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के आधार पर तीन से चार युवकों की पहचान कर ली गई है।

आरोपियों की तलाश के लिए इलाके में नाकाबंदी कर दी गई और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

2025 में पुलिस ने 162 बच्चों समेत 488

गुमशुदा व बिछड़े लोगों को अपनों से मिलवाया

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज

वर्ष 2025 के दौरान पंचकूला पुलिस ने अपनी संवेदनशील, सक्रिय का परिचय देते हुए कुल 488 गुमशुदा एवं बिछड़े लोगों को सुरक्षित रूप से उनके परिजनों से मिलवाने में सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि पुलिस की थाना-चौकी, साइबर सेल, ईआरवी तथा दुर्गा शक्ति व फील्ड में मौजूद टीमों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। पुलिस द्वारा मिलवाए गए कुल 488 लोगों में से 18 वर्ष से कम आयु के 162 बच्चे शामिल हैं, जिनमें 40 बालक और 122 बालिकाएं हैं। आयु वर्ग के अनुसार, 0 से 5 वर्ष के बीच 12 बच्चे (5 बालक व 7 बालिकाएं), 5 से 14 वर्ष आयु वर्ग में 36 बच्चे (17 बालक व 19 बालिकाएं) तथा 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 114 बच्चे शामिल हैं, जिनमें 18 किशोर एवं 96 किशोरियां हैं। इसी प्रकार, 18 से 35 वर्ष की आयु श्रेणी में पंचकूला पुलिस ने 255 गुमशुदा व्यक्तियों को ट्रेस किया, जिनमें 55 पुरुष एवं 200 महिलाएं शामिल हैं। वहीं, 35 वर्ष से अधिक आयु के 71 लोगों को भी पुलिस ने ढूंढकर उनके परिजनों तक पहुंचाया, जिनमें 44 पुरुष और 27 महिलाएं हैं। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि जिले की थाना एवं चौकी स्तर की टीमों ने साइबर सेल तथा फील्ड में सक्रिय ईआरवी व दुर्गा शक्ति टीमों के सहयोग से लगातार प्रयास करते हुए इन सभी गुमशुदा व्यक्तियों को सुरक्षित ढूंढा और उनके घर पहुंचाया। उन्होंने बताया कि कई मामले ऐसे भी सामने आए, जहां लोग घरेलू नाराजगी या अन्य कारणों से ट्रेन व बसों के माध्यम से अन्य राज्यों तक पहुंच गए थे, लेकिन पुलिस टीमों ने लगातार कोशिश कर उन्हें सुरक्षित परिजनों से मिलवाया। डीसीपी ने आगे बताया कि इस दौरान कुछ चुनौतियां भी सामने आईं, क्योंकि कई गुमशुदा व्यक्ति मानसिक रूप से इतने सक्षम नहीं थे कि वे अपना नाम, पता या पहचान बता सकें। ऐसे मामलों में फील्ड में तैनात टीमों ने व्हाट्सएप ग्रुप्स, स्थानीय स्तर पर भ्रमण, तकनीकी सहायता एवं अन्य आधुनिक तरीकों का उपयोग कर पहचान सुनिश्चित की और उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने का कार्य किया। पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज का बयानः बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षित घर वापसी हमारी प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी पंचकूला पुलिस हर बिछड़े व्यक्ति के लिए भरोसे की किरण बनी रहेगी। डीसीपी ने आमजन से भी अपील की कि यदि उन्हें कहीं कोई लापता या भटका हुआ व्यक्ति दिखाई दे, तो वे तुरंत डायल 112, नजदीकी थाना या चौकी में सूचना दें, ताकि समय रहते उस व्यक्ति को उसके परिजनों से मिलाया जा सके।

होम गार्ड प्रशिक्षणार्थियों के लिए मेडिकल ट्रेनिंग

मुकुल शर्मा | समर न्यूज
पंचकूला

डॉ. मोहित शर्मा, अतिरिक्त वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा होम गार्ड प्रशिक्षण केंद्र, होम गार्ड डिवीजन, पंचकूला में होम गार्ड प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक व्यापक व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन प्रबंधन विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। इनमें सामूहिक दुर्घटना की स्थिति में ट्रायेज अवधारणा, एस्फिक्सिया, कृत्रिम श्वसन विधियाँ, सीपीआर, शॉक एवं बेहोशी की स्थिति का प्रबंधन, घाव एवं रक्तस्राव नियंत्रण, फ्रैक्चर एवं प्राथमिक उपचार विधियाँ, स्ट्रोक एवं हार्ट अटैक की पहचान, तथा जलने एवं झुलसने की स्थिति में प्रारंभिक उपचार शामिल थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन कंपनी कमांडर श्री सुनील कुमार के उत्कृष्ट समन्वय एवं सहयोग से किया गया।

मोहाली नगर निगम का सख्त रुख

प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने के लिए 3 दिन का अल्टीमेटम

समर न्यूज | मोहाली

मोहाली नगर निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स न चुकाने वाले डिफॉल्टरों के खिलाफ कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है। नगर निगम ने ऐसे सभी बकायेदारों को अंतिम चेतावनी जारी करते हुए तीन दिन के भीतर टैक्स जमा करने का अल्टीमेटम दिया है।

तय समय सीमा के भीतर टैक्स न भरने की स्थिति में नगर निगम संबंधित प्रॉपर्टी को अटैच और सील कर देगा, जिसके बाद संपत्ति की बिक्री या नीलामी कर बकाया टैक्स की वसूली की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई विशेष रूप से बड़े शोरूम, फैक्ट्रियों, औद्योगिक इकाइयों और कंपनियों पर की जाएगी, जो लंबे समय से टैक्स भुगतान से बचते आ रहे हैं। निगम की ओर से ऐसे डिफॉल्टरों को नोटिस भेज दिए गए हैं और स्पष्ट कर दिया गया है कि अब किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी।

नगर निगम से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शहर में करीब 7,100 ऐसे डिफॉल्टर हैं जिन्होंने अभी तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया है। इनमें कई ऐसे लोग भी शामिल हैं जो पिछले 10 से 12 वर्षों से टैक्स नहीं भर रहे हैं। निगम द्वारा कई बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर अब सख्त कार्रवाई का फैसला लिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि यदि तय समय में टैक्स जमा नहीं किया गया तो बिना किसी अतिरिक्त सूचना के संबंधित संपत्ति को सील कर दिया जाएगा। संपत्ति सील होने के बाद उसके भीतर रखे सामान, माल या स्टॉक को होने वाले नुकसान की पूरी जिम्मेदारी संपत्ति मालिक की स्वयं की होगी। 20 प्रतिशत जुर्माना और भारी ब्याज भी लगेगा नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि बकाया टैक्स की मूल राशि के साथ-साथ डिफॉल्टरों को 20 प्रतिशत तक का जुर्माना और 1 अप्रैल 2014 से अब तक का 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी चुकाना होगा। यह कार्रवाई मोहाली के विभिन्न सेक्टरों और फेज में स्थित कई बड़ी औद्योगिक और कॉमर्शियल यूनिट्स पर लागू की जाएगी। निगम अधिकारियों के अनुसार, डिफॉल्टरों की सूची में केवल आम लोग ही नहीं बल्कि करोड़ों की संपत्ति रखने वाले लोग और बड़े उद्योगपति भी शामिल हैं। आंकड़ों के मुताबिक, इनमें करीब 300 इंडस्ट्रियल यूनिट मालिक, लगभग 800 कमर्शियल प्रॉपर्टी धारक और छह गांवों के करीब 6,000 निवासी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि गांव सोहाना और कुंभड़ा के निवासियों पर वर्ष 2017 से प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, जबकि मदनपुर, मोहाली और शाहीमाजरा गांव के लोगों पर वर्ष 2013 से टैक्स लंबित है। इस बार राहत की बात यह है कि सरकारी संस्थान समय पर टैक्स का भुगतान कर रहे हैं, जबकि पहले कई सरकारी विभाग भी डिफॉल्टर की श्रेणी में आते थे।

ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती, 68 चालान

समर न्यूज | पंचकूला

नव वर्ष पर पंचकूला पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते जश्न शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाया गया।

जिले में 48 नाकों पर पुलिस मुस्तैद रही, जबकि डीसीपी सृष्टि गुप्ता और डीसीपी क्राइम व ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन रातभर फील्ड में मौजूद रहे। क्लब, होटल, धार्मिक व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और 29 राइडर, 12 पीसीआर व 19 ईआरवी लगातार गश्त करते रहे।

पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्ती बरतते हुए 68 चालान काटे और 4 वाहन इंपाउंड किए। आमजन का सहयोग भी मिला। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने बताया कि सतर्कता और टीमवर्क से नव वर्ष का जश्न व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनी 5 लोगों की समस्याएं

प्राथमिकता के आधार पर हो समस्याओं का समाधान- उपायुक्त

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिला के 5 लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर संबंधित विभाग को समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने शिविर में गांव भोज बालंद की धनवंती की रास्ता देने की मांग पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारी को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर बिना विलम्ब किए समाधान करें ताकि जिला वासियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके व उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। उपायुक्त

ने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशानुसार हर कार्यदिवस के दिन सोमवार व वीरवार को प्रात 10 बजे से 12 बजे तक किया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं समाधान शिविर से जुडते हैं व लोगों की समस्याओं पर किए गए समाधान की स्वयं मोनिटरिंग करते है। इसलिए समस्याओं के समाधान में अधिकारी किसी प्रकार की कोताही न बरतें। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, एचएसवीपी, पीएमडीए, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, नगर निगम ओर अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

वैकल्पिक फसलों के लिए 1,500 एकड़ लक्ष्य तय

मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत फसलों की बुआई करने पर कृषि विभाग ने दिया बल

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज

हरियाणा सरकार द्वारा मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत धान की फसल को वैकल्पिक फसलों जैसे कपास, मक्का, अरहर, मुंग, मोठ, उड़द, सोयाबीन, ग्वार, तिल, अरण्डी, मुंगफली, फल व सब्जियां, खरीफ प्याज, खरीफ चारा व कृषि वानिकी (सफेदा व पोप्लर) द्वारा विविधिकरण करने के लिए जिला में 1500 एकड़ का लक्ष्य दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रवक्ता ने बताया कि किसान अपने पिछले वर्ष बोये गए धान के क्षेत्र को उपरलिखित वैकल्पिक फसलों में बदल सकता है। वर्ष 2025 से पहले किसान द्वारा पंजीकरण करने के पश्चात मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सत्यापन उपरांत किसान को 7000 रूपये प्रति एकड़ की दर से वित्तिय सहायता प्रदान की जाती थी जोकि इस वितीय वर्ष से 8000 रूपये प्रति एकड़ कर दी गई है और

डी.बी.टी. के तहत किसान के खाते में जमा कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि स्कीम के तहत किसान द्वारा पिछले वर्ष बोई गई धान के खेत को खरीफ 2025 में खाली रखने पर भी वित्तिय सहायता प्रदान की जाएगी। उक्त योजना का लाभ लेने के लिए किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त यदि उपरलिखित वैकल्पिक फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है तो उक्त फसलों की 100 प्रतिशत खरीद हरियाणा सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। उन्होंने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि भूमिगत जल के संरक्षण हेतू धान के स्थान पर अन्य वैकल्पिक फसलें बोने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाएं व अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी कृषि/बागवानी कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

मरीजों को निशुल्क दवाइयां की गई वितरित

गुरमत समागम का हुआ आयोजन

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज

अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के शहीदी दिवस पर उनके शहीदी स्थल गुरुद्वारा सिंह शहीदां में श्रद्धा और भक्ति के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ का भोग डाला गया, जिसके बाद पूरे दिन विशाल गुरमत समागम चला। गुरमत समागम में शेरे पंजाब कविश्री जत्थे ने ढाडी वार के माध्यम से सूबा सरहिंद की जेल के ठंडे बुर्ज में माता गुजरी जी और छोटे साहिबजादों को दूध पिलाने वाली साखी सुनाकर संगत को भावविभोर कर दिया।

उन्होंने बताया कि इस सेवा के बदले मुगल हुकूमत ने सेवाभावी सिखों को परिवार समेत प्रताड़ित कर शहीद कर दिया। भाई हरजीत सिंह जी हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब अमृतसर के रागी जत्थे ने मधुर कीर्तन से संगत को

गुरु चरणों से जोड़ा।

भाई शमशेर सिंह जी करनाल वालों ने अपने प्रवचनों में दीवान टोडरमल जी द्वारा माता गुजरी जी और साहिबजादों के अंतिम संस्कार के लिए सबसे महंगी जमीन खरीदने के प्रसंग को विस्तार से बताया। इसके अलावा भाई ओंकार सिंह होशियारपुर वाले, भाई तेजिंदर सिंह, बीबी बलविंदर कौर सहित कई प्रसिद्ध ढाडी, कथावाचक और रागी जत्थों ने कथा, कीर्तन और कविश्री से संगत को निहाल किया। सभी जत्थों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान किया।

मेडिकल कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। पूरे दिन गुरु का लंगर अटूट चलता रहा। आयोजन समिति ने बताया कि 1 जनवरी 2026 को जत्थेदार बाबा हरबंस सिंह जी की स्मृति में एक और भव्य गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा।

कोहरे और हवाओं से चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर 10 उड़ानें रद्द

बरसात और ठंडी हवाओं के बीच नए साल की शुरुआत

समर न्यूज | चंडीगढ़

शहर में नए साल की शुरुआत बारिश और कड़ाके की ठंड के साथ हुई। इससे पहले 2025 के अंतिम दिन तेज हवाओं ने मौसम का मिजाज बदल दिया।

बुधवार को दिनभर आंशिक बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं के चलते दिन का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम तापमान में पिछले दिन की तुलना में करीब 3.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।

नए साल के पहले सूर्योदय को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सुखना लेक पहुंचे, लेकिन बारिश के कारण वे सूरज के दर्शन नहीं

कर सके। ठंड से राहत के लिए वहां गर्म दूध का लंगर भी लगाया गया। मौसम की मार का असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ा।

हवाओं और घने कोहरे के कारण चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कुल दस उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिनमें पांच आने और पांच जाने वाली फ्लाइट शामिल थीं। इसके अलावा कई उड़ानें लगभग एक घंटे की देरी से संचालित हुईं। मौसम विभाग के मुताबिक, दिसंबर के दौरान विजिबिलिटी शून्य से 200 मीटर के बीच रही।

बुधवार सुबह छह बजे एयरपोर्ट पर दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई, जो दोपहर 12 बजे तक बढ़कर 1000 मीटर तक पहुंच गई।

शिक्षा | चंडीगढ़ में प्री-नर्सरी दाखिले शुरू, 5 हजार सीटों के लिए 6 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन

5 हजार सीटों के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया, दाखिला ड्रा से होगा

समर न्यूज | चंडीगढ

शहर के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में प्री-नर्सरी कक्षा की करीब 5 हजार सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया गरुवार से शुरू हो गई। यह प्रक्रिया 6 फरवरी तक जारी रहेगी।

चंडीगढ़ शिक्षा विभाग ने इसके लिए सेंट्रलाइज्ड ऑनलाइन एडमिशन शेड्यूल जारी कर दिया है। सेंट्रलाइज्ड एडमिशन व्यवस्था के तहत अभिभावकों को अब अलग-अलग स्कूलों में जाकर फॉर्म भरने की जरूरत नहीं होगी। एक ही ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से अभिभावक अधिकतम 10 स्कूलों के विकल्प भर सकेंगे। खास बात यह है कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क रहेगी और सरकारी स्कूलों में जाकर भी मुफ्त ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा।

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए दो-दो हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे।

अभिभावक वर्किंग डे में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्कूल पहुंचकर ऑनलाइन आवेदन करवा सकते हैं। इसके लिए बच्चे से जुड़े आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। प्राइमरी कक्षाओं में दाखिला केवल ऑनलाइन माध्यम से ही होगा। ड्रा में चयनित बच्चों को एक सप्ताह के भीतर संबंधित स्कूल में संपर्क करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उनका दाखिला रद्द कर दिया जाएगा।

816 सीटों के लिए 1902 आवेदन

शहर के 56 निजी स्कूलों में एंट्री क्लास के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और डीजी श्रेणी की 816 सीटों पर दाखिले के लिए अब तक 1902 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इन सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 दिसंबर से शुरू हुई थी, जो 31 जनवरी तक जारी रहेगी। स्कूलों में फॉर्म भरने से अधिक अभिभावक दाखिले से जुड़ी जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। अधिकतर सवाल बच्चे की आयु सीमा, जरूरी दस्तावेज और पात्रता शर्तों को लेकर हैं। सरकारी छुट्टियों को छोड़कर अभिभावक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किसी भी सरकारी या निजी स्कूल में जाकर हेल्प डेस्क से सहायता ले सकते हैं।

ड्रा से होगा दाखिला

शिक्षा विभाग के अनुसार सभी स्कूलों में दाखिला ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। यदि किसी स्कूल में सीटों से कम आवेदन आते हैं, तो अतिरिक्त आवेदनों वाले नजदीकी स्कूलों में बच्चों को समायोजित किया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल शर्मा ने बताया कि 66 स्कूलों को दाखिला प्रक्रिया के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्कूलों में हेल्प डेस्क के साथ शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। दस्तावेजों की जांच के बाद आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और अंतिम रूप से दाखिला शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाएगा। किसी भी समस्या की स्थिति में अभिभावक सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सेक्टर-19 स्थित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।